# कामकाज की धीमी गति पर नगर निगम आयुक्त हुए सख्त, दिए निर्देश

**सतना।** नगर निगम के आयुक्त शेर सिंह मीना (आईएएस) द्वारा शहर की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगातार दौरा किया जा रहा है। उन्होंने कार्यों को तेज गति से पूरा करने के लिए सख्त निर्देश भी दिए हैं। निरीक्षण के दौरान अमृत पार्क,मैत्री पार्क,लाडली लक्ष्मी वाटिका पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरान्त पार्कों में नियमित सफाई,पेड़ों में दीमक मारने की दवाई डालने एवं पार्कों की विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा पार्कों में लगे ओपेन जिम के उपकरणों को मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही लाडली लक्ष्मी पार्क को सुधार कराए जाने के निर्देश दिए गए।



### शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

निरीक्षण उपरान्त बजारी क्षेत्रों की नालियों की सफाई कराए जाकर,कचरा के निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए।साथ ही बाजारी क्षेत्रों में लगे नई विद्युत पोलों में स्ट्रीट लाईट लगाए जाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा रैमकी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निगम द्वारा सफाई कर एकत्रित किए गए कचरे को शीघ्रता से उठाए जाने के निर्देश दिए गए। ताकि शहर साफ-स्वच्छ दिखाई दे। स्मार्ट सिटी परियोजना के निक्षेप राशि से बन रहे कम्यूनिटी सेंटर का निरीक्षण भी किया। जिसके भूतल में 25 दुकाने एवं प्रथम तल में कम्यूनिटी हॉल का निर्माण किया जाना है।अवलोकन उपरान्त पाया गया कि दुकानो के निर्माण का ब्रिक्स वर्क पूर्ण हो चुका है,प्लास्टर एवं फ्लोरिंग का कार्य शेष है। इस संबंध में आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि छपाई एवं फ्लोरिंग के कार्य के साथ-साथ प्रथम तल का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाए। कार्य में गति लाई जाए। कार्य अनिवार्यतः 30 जून तक पूर्ण किया जाए।

### मेजर नाला को 15 जून तक पूरा करने के निर्देश

आयुक्त एवं कार्यकारी निदेशक स्मार्ट सिटी द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजना से चल रहे कार्यों एवं नगर निगम द्वारा चल रहे निक्षेप कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मेजर नाला निर्माण के कार्य को 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिए गए कि बनाए गए नालों से मिट्टी हटाई जाकर नाले की सफाई की जाए ताकि वर्षा ऋतु में पानी के प्रवाह में कोई अवरोध उत्पन्न न हो माइनर रोड, बाजारी रोड एवं स्टेशन रोड की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि माइनर रोड का कार्य 16 किमी तक किया जाना शेष है। कार्य की गति धीमी है। कार्य को तीव्रता से किया जाकर,कार्य 15 जून तक पूर्ण किया जाए।



### स्टेशन रोड का काम धीमा

बाजारी रोड एवं स्टेशन रोड की प्रगति अत्यन्त धीमी है। इसलिए कार्य में अधिक मानव बल लगाकर कार्य में गति लाई जाए ताकि अपेक्षित परिणाम आ सके। इस हेतु तीनों रोड के प्रोजेक्ट पर प्रतिदिन 500 मीटर रोड का निर्माण किया जाए। तभी लक्ष्य की प्राप्ति शीघ्रता से हो सकेगी। शहर के जिन क्षेत्रों में पूर्व में पाइपलाईन नहीं बिछाई गई है उनके लिए अलग से लिए गए प्रोजेक्ट में पाइपलाइन बिछाए जाने का कार्य शीघ्रता से किए जाने के निर्देश दिए गए। इसी के साथ ही इसी प्रोजेक्ट में 04 उच्चस्तरीय टंकियों का निर्माण किया जाना है। टंकियों का निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से किया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त द्वारा टंकियों के कार्य को कुशल कारीगरों एवं अभियंताओं के देख-रेख में शीघ्रता से किए जाने के निर्देश दिए गए। रॉ वाटर के लिए बिछाई जाने वाली पाईपलाइन को 10 दिवस के अंदर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त,नगर पालिक निगम सतना द्वारा जल संशोधन मंत्रालय के उन्नयन के कार्य की समीक्षा करने हुए निर्देशित किया गया कि बिल्डिंग एवं मैकेनिकल पार्ट के कार्य एक साथ चालू किए जाए जिन मोटरों को परिवर्तित किया जाना है उन्हें क्रमशः परिवर्तित किए जाए। सैण्डफिल्टर शीघ्र मंगाई जाए,सैण्डफिल्टर की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाए इसके उपरान्त ही सैण्डफिल्टर को क्रमशः चेन्ज किया जाए ताकि पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो। आयुक्त द्वारा मेजर रोड,मल्टी स्पोर्टस काम्पलेक्स,बिजुअल इम्प्रूवमेंट के कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए नाराजगी प्रकट की गई। अभियंताओं द्वारा बताया गया कि एयरपोर्ट रोड का कार्य विगत 10 दिनों से बंद है। इसीतरह मेजर रोड के अन्य स्थानों जैसे बदखर से आर.एस रिसोर्ट,बदखर से शासकीय स्कूल,मारूती नगर का भी कार्य बंद है। इसी तरह बिजुअल इम्प्रूवमेंट में डिवाईडर का कार्य,रोड विस्तारीकरण का कार्य प्रवेश द्वार का कार्य भी बंद है,डिवाइडरों में डाली गई मिट्टियां नीचे गिर रही है जिससे रोड में गंदगी फैल रही है। कई स्थानों पर बने हुए डिवाईडरों में मिट्टी भी नहीं डाली गई है।घास एवं पौधे लगाए जाने का कार्य भी नहीं किया गया है। इस संबंध में आयुक्त, नगर पालिक निगम सतना द्वारा निर्देशित किया गया कि मेजर रोड का कार्य 02 दिवस के अंदर प्रारंभ किया जाए। इसी तरह रीवा रोड में जिन स्थानों में सीवर का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं रेस्टोरेशन का कार्य भी पूर्ण हो चुका है वहां सड़क निर्माण का कार्य भी 02 दिवस के अंदर प्रारंभ किया जाए।

## खबर संक्षेप

### रामनवमीं मेला के दौरान मैहर शहर में 9 से 18 अप्रेल तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित



**मैहर।** मैहर में मां शारदा देवी चैत्र रामनवमी का मेला 9 अप्रेल से शुरू होकर 18 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान मां शारदा देवी के दर्शन करने के लिए लाखों की संख्या में सतना,रीवा,कटनी से पैदल आते है जिस दौरान शहर में भारी वाहनों के आवागमन से गंभीर घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। अतः इस समस्या को देखते हुए जिला कलेक्टर मैहर के द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला मैहर के पत्र से सहमत होकर चैत्र रामनवमीं मेंला को दृष्टिगत रखते हुए 8 अप्रैल से 18 अप्रैल 2024 तक प्रतिदिन सुबह 4 बजे से रात्रि 11 बजे तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। वहीं शेष समय में भारी वाहनों को धीमी गति से चलाने के लिए आदेशित किया गया है।

### वृद्धा आश्रम में नेत्र शिविर का आयोजन आज

**मैहर।** रविवार को वृद्धाआश्रम देवी जी मैहर में प्रातः 10 बजे से नेत्र शिविर लगाया जाएगा। इस दौरान घर घर नेत्र परीक्षण किए जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक इनर व्हील क्लब मैहर ने देने हुए बताया है कि शिविर में आने वाले नेत्र मरीजों जो मोतियाबिन्द से पीड़ित होंगे उन्हें ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा जाएगा। मरीजों को अपना आधार कार्ड लाना आवश्यक होगा साथ में किसी सदस्य को मोबाइल नंबर भी होना चाहिए।

### कलेक्टर इलेवन वर्सेज स्वीप इलेवन का मैच आज

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदाता जागरूकता के लिए मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन 7 अप्रैल को कलेक्टर इलेवन और स्वीप इलेवन के बीच खेला जायेगा। मैत्री क्रिकेट मैच प्रातः 7 बजे से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना के ग्रांउड में आयोजित होगा।

### सनातन संस्कृति की अलौकिक छटा के रंग बिखरेंगे श्री रामनवमीं शोभायात्रा में

**सतना।** हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान एवं नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से विगत अनेक वर्षों से आयोजित की जा रही श्री रामनवमी शोभायात्रा इस वर्ष भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप में आयोजित होगी।17 अप्रैल बुधवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर आयोजित श्री रामनवमी शोभायात्रा में सभी सामाजिक-धार्मिक संगठन, जाति- बिरादरी अपार जनसमूह के साथ अपने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर इस शोभायात्रा में संपूर्ण हिंदू सनातन संस्कृति की अलौकिक छटा के मनोहारी दृश्य प्रस्तुत करेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर व्यापक विचार-विमर्श करने हेतु श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल के आयोजकत्व में अमृत सभागार बूटीबाई परिसर में नगर के विभिन्न समाज,जाति बिरादरी,सामाजिक-धार्मिक,स्वयंसेवी संगठनों की वृहद बैठक आयोजित की गई। समिति के प्रचार प्रमुख अनुराग गोस्वामी ने बताया कि बैठक में समस्त सामाजिक प्रतिनिधियों ने अपनी सामाजिक सहभागिता के स्वरूप से आयोजन समिति को अवगत कराया।


# मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित हुई मैराथन



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सतना के लिये 26 अप्रैल होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को मतदाताओं को जागरुक करने के लिये मैहर शहर में स्वीप गतिविधि के तहत मैराथन संपन्न हुई। मैराथन को कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मैराथन अलाउद्दीन तिराहे से प्रारंभ होकर घंटाघर,कटरा बाजार, स्टेशन रोड होते हुए नगर पालिका मैहर में समाप्त हुई। कलेक्टर मैहर श्रीमती बाटड ने मैराथन में लोगो से मतदान करने की अपील की। उन्होने कहा कि लोकतंत्र के पर्व को हम सब को मिल कर मानना है। 26 अप्रैल को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुये सभी मतदाता संकल्प लें कि सभी काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने जायेंगे। इस अवसर पर उपस्थित मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।मैराथन में एसडीएम मैहर विकास सिंह,तहसीलदार जितेंद्र पटेल,परियोजना अधिकारी विद्याचरण तिवारी,सीएमओ लालजी ताम्रकार एवं स्कूली बच्चों के साथ नगर के आम नागरिक भी शामिल हुए।

## हाँथों में मेंहदी रचाकर दिया मतदान करने का संदेश

मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में लगातार स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मतदान की तिथि जैसे-जैसे निकट आ रही है,वैसे-वैसे मतदाता जागरूकता की गतिविधियां जोर पकड़ रही हैं। स्वीप के जारी कैलेंडर के अनुसार मत दाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को जिले की सभी आंगनवाड़ी केंद्रों की महिला कार्यकर्ताओं ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने हाँथों में शत प्रतिशत मतदान करने की मेंहदी लगाकर मतदान दिवस पर मतदान करने के लिये जिले के मतदाताओं को प्रेरित किया। आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा मेहंदी बनाकर स्वीप संदेश जैसे 'मेरा वोट मेरा अधिकार,26 अप्रैल मतदान दिवस,मतदान करना सभी की जिम्मेदारी,सारे काम छोड़ के सबसे पहले वोट करें'का संदेश मेहंदी के माध्यम से दिया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा युवा मतदाताओ को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही मतदाताओं के घर जाकर जनसंपर्क के माध्यम से मतदान दिवस के दिन मतदान करने की अपील की जा रही है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार सतना संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को होना है। शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चि करने स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली,हाथों में मेंहदी, दीवार लेखन,जागरूकता शपथ के साथ-साथ मतदाता जागरूकता गीत,पैदल रैली,साइकिल रैली एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सहित विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।





## जमीन के विवाद को लेकर घूरडाग इलाके में महिला की हत्या, आरोपी फरार

**सतना।** कोलगवा थाना क्षेत्र के घूरडाग इलाके में जमीन के विवाद को लेकर एक महिला की धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया पुलिस उसकी तलाश कर रही है। नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कुसुम कुशवाहा नामक महिला की धारदार हथियार मार्केट हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि कुसुम कुशवाहा के पति कर भाई है कई साल पहले एक जमीन खरीदी गई थी उसे जमीन को लेकर आरोपी राम लखन कुशवाहा कोर्ट में हिस्सा मांगने के लिए मुकदमा लड़ रहा था और वह हार गया था। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शनिवार को मृतका इस जमीन पर कंस्ट्रक्शन कर रही थी तभी आरोपी मौके पर पहुंचा और धारदार हथियार से हमला करके महिला की हत्या कर दी उसके बाद घटनास्थल से फरार हो गया सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को अस्पताल पहुंचाया जहां पर उसका सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा। आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

## नकारात्मक विचारों से सुख शांति नहीं मिलेगी

**सतना।** मानव को जीवन में कभी भी नकारात्मकता को अपने पर हावी नहीं होने देना चाहिए। निगेटिव विचार वाले को कभी भी सुख शांति प्राप्त नहीं होगी। आप भगवान के पास हो या भगवान आपके पास हैं इस बात का चिंतन हमें करते रहना चाहिए। मनुष्य की आदत में है कि जो उसके पास है उसका उपयोग वह नहीं करता और जो उसके पास नहीं है उसको ही ढूंढता रहता है और इसी तरह उसका पूरा जीवन व्यतीत हो जाता है।और वह जैसे खाली हाथ आया था वैसे खाली हाथ चला जाता है। उक्त बातें सतना में अंजन शलाका प्राण प्रतिष्ठा कराने पधारे आचार्य विजय अभयदेव सुरीश्वर महाराजा ने 'ऋषभ अभयदेव जैन भवन'(गांधी चैक) में प्रवचन के दरम्यान कही। ज्ञात हैं कि पंचकल्याणक कार्यक्रम 5 अप्रैल से चालू हो गए हैं। 6 अप्रैल शनिवार को प्रातः जिनालय जी में पूजन हुआ और 9:30 बजे से आचार्य जी के मंगल प्रवचन हुए। इस महा महोत्सव के पावन अवसर पर सभी साधार्मिक घरों में तोरण बांधने का कार्य भी शनिवार को किया गया। यह तोरण कम से कम 16 अप्रैल तक तो जरूर से सभी घरों में बधे रहेंगे। शनिवार को प्रवचन दरम्यान श्री श्वेतांबर जैन संघ ट्रस्ट के सभी बच्चे-बूढ़े और जवान ने एक स्वर में आचार्य श्री के समक्ष सतना को चार्तुमास (वर्षा योग) प्रदान करने की विनती की।

## जगतदेव तालाब में चलाया गया स्वच्छता अभियान

### स्वच्छता के बाद ली गई मतदान करने की शपथ




**सतना।** शहीद दिवस की श्रृंखला में शनिवार को स्वच्छता अभियान और मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत जगतदेव तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में नगर निगम सतना के अधिकारी-कर्मचारी,स्वीप पार्टनर्स,कैंपर्स एबेंसडर्स,एनएसएस के वालेंटियर्स और आमजन शामिल हुये। तालाब की सफाई करने के बाद उपस्थित सभी लोगों को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। सभी मतदाताओं ने 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिये होने वाले मतदान में अपने मत का उपयोग करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता संबंधी गीतों के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त भूपेंद्रदेव परमार ,एनएसएस प्रभारी क्रांति राजौरिया, सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी सहित अधिकारी,कर्मचारी,कैंपस एबेंसडर्स और शहरवासी उपस्थित रहे।



## सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सतना की चुनावी गतिविधियों का जायजा लेने नियुक्त किये गये प्रेक्षकों द्वारा गतिविधियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। शनिवार को सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार ने कलेक्टर मैहर रानी बाटड के साथ मैहर जिले के भ्रमण के दौरान अमरपाटन के धोबहट और मुकुंदपुर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होने मतदान केन्द्र पर बिजली,पानी और छॉव की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो,इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं के लिए रेम्प के प्रबंध सुनिश्चित किये जाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों को भलीभांति समझे और अक्षरशः पालन करते हुये कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। मतदान दिवस के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जायें।आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों में सभी प्रकार की व्यवस्थायें होनी चाहिये। इस अवसर पर एसडीएम आरती यादव,एसडीएम डॉ आरती सिंह भी मौजूद रहीं।

## कोठी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेच रहे एक युवक को पकड़ा, कोर्ट ने भेजा जेल


**सतना।** कोठी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया।पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबिर के द्वारा सूचना मिली थी कि ग्राम बम्हरौला का नीरज सिंह अपने घर के पीछे भारी मात्रा मे अवैध शराब बेचने के लिये रखे है। ग्राम बम्हरौला पहुचकर नीरज सिंह के घर के पीछे रेड कार्यवाही की गई। जहां धान के पैरा के नीचे 8 कार्टून में शराब रखे मिला जिसे थाना कोठी पुलिस द्वारा मौके पर पैरा के नीचे मिले सभी 8 कार्टून को खोलकर देखने पर 6 कार्टून मे अंग्रेजी गोवा 300 क्वाटर एवं 2 कार्टून में लेमन देशी शराब 100 क्वाटर शराब जप्त कर आरोपी नीरज सिंह को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध थाना कोठी में धारा 34(2) आब एक्ट अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर केंद्रीय जेल सतना में निरुद्ध किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रूपेन्द्र सिंह राजपूत,सउनि. अश्वनीधर द्विवेदी,सउनि.अनिल तिवारी,प्रआर. सुधीश अग्रिहोत्री, प्र.आर आशीष दुबे प्र.आर प्रमोद तिवारी आर.पंकज कुशवाहा,आर राजपाल बागरी,आर. मानवेन्द्र सिंह,आर रामनरेश बैगा महिला आरक्षक प्रीती शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई है।

# लोकसभा क्षेत्र खजुराहो 8 के सपा प्रत्याशी का फार्म रिजेक्ट होने को लेकर चर्चा में

**पन्ना।** लोकतंत्र? प्रश्न चिन्ह लगने लगा है। परिभाषा तो लोक यानि जनता और तंत्र यानि शासन। अगर मूल रूप से उल्लेखित करें तो जनता का, जनता के लिये और जनता के द्वारा। अब लोकतंत्र के विखंडित बेहाली पर आरोप लग रहे है। ताज़ा मामला लोकतंत्र के सबसे बड़े महोत्सव से जुडा है जहाँ एक निर्वाचन अधिकारी पर आरोप है कि वह किसी गेम प्लान में शामिल होकर एक प्रत्याशी का नामांकन निरस्त कर देता है। चूंकि यह मामला उस खजुराहो लोकसभा से जुडा है जहाँ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा फिर से चुनावी समर में उतरे है।खजुराहो लोकसभा से इण्डिया गठबंधन



की सपा प्रत्याशी मीरा दीपनारायण यादव का पन्ना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन ख़ारिज कर दिया। कारण निर्वाचन फॉर्म के भाग-3 में हस्ताक्षर नहीं किये। साथ ही प्रमाणित मतदाता सूची संलग्न नहीं की गई। अब जो जानकारी सामने आ रही है खजुराहो सीट पर सपा प्रत्याशी मीरा दीपनारायण का नामांकन ख़ारिज होने के बाद अब यह मामला तेजी से उछल रहा है और गंभीर हो चुका है। यह साधारण मामला नहीं बल्कि लोकतंत्र से जुड़ा हुआ है। जैसा की सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस मामले को लोकतंत्र की हत्या बताया है। सूत्रों से हासिल जानकारी अनुसार



मीरा यादव ने जो नामांकन पत्र पेश किया था उसकी फोटोकॉपी में मीरा यादव के हस्ताक्षर है लेकिन जो निर्वाचन विभाग पन्ना से जानकारी हासिल हुई है उस फॉर्म में मीरा यादव के हस्ताक्षर नहीं है। अब गलत कौन है यह तो गंभीर जाँच का विषय है फिलहाल तो जिस आधार पर पन्ना के निर्वाचन अधिकारी ने सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सपा प्रत्याशी मीरा दीपनारायण यादव से जब जाना गया तो उन्होंने कहा कि अब इसका फैसला कोर्ट करेगा हमारे द्वारा सुप्रीम कोर्ट मी याचिका लगाई जायेगी।

## खबर संक्षेप

### सी.सी. कैमरा लगवाए सराफा व्यापारी, संदिग्ध व्यक्ति होने पर करें सूचित



**पवई।** आए दिन हो रही चोरी एवं लूटपाट की घटनाओं से सुरक्षित व सतर्क रहने के लिए थाना परिसर मे नगर के सराफ व्यापारियों की बैठक आयोजित की जिसमे नगर के एक दर्जन से अधिक व्यापारी मोजूद रहे थाना प्रभारी त्रिवेन्द्र त्रिवेदी सुरक्षा की दृष्टि से दुकानों पर सी सी कैमरा लगवाने की सलाह दी गई साथ ही बुजुर्ग व्यक्ति से दुकान का संचालन न करवाए दुकान पर कोई संधिक्त व्यक्त समझ मे आता है तो तुरंत पुलिस को दे। अपरिचित व्यक्त पर आभूषण दिखाते समय विशेष ध्यान दे। सावधानी ही सुरक्षा है।

### सचिव नारायण सिंह राजपूत निलंबित

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय ने जनपद पंचायत गुनौर अंतर्गत ग्राम पंचायत बसौरा के सचिव नारायण सिंह राजपूत को निलंबित करने की कार्यवाही की है। जिला पंचायत में प्रस्तुत लिखित शिकायत अनुसार सचिव ने बसौरा में नल-जल योजना अंतर्गत किए गए कार्य का हैण्डओवर ग्राम पंचायत को प्रदान करने के लिए अनुचित राशि की मांग की थी। इसके अतिरिक्त सचिव ने हैण्डओवर हो चुकी नल-जल योजना के मेन्टेनेंस कार्य के एवज में पुनः 15 हजार रूपए की मांग की। इस संबंध में शिकायतकर्ता द्वारा जिला पंचायत सीईओ को 5 अप्रैल को आवेदन प्रस्तुत कर बतौर साक्ष्य मोबाइल रिकार्डिंग सुनाई गई। प्रथम दृष्टया अनुचित राशि की मांग संबंधी शिकायत सत्य प्रतीत होने और सचिव का कृत्य म.प्र. पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3 के प्रावधानों के प्रतिकूल होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में निलंबित सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय गुनौर निर्धारित किया गया है और आगामी आदेश तक ग्राम रोजगार सहायक सोमवती अहिरवार को सचिवीय प्रभार सौंपा गया है।

## आदिवासी दलित क्रांति सेना खजुराहो लोकसभा चुनाव का करेगा बहिष्कार - केपी सिंह बुंदेला



**पन्ना।** आदिवासी दलित क्रांति सेना (बुंदेलखंड) के संयोजक केपी सिंह बुंदेला ने कहा कि श्रीमती मीरा दीपक यादव दो छोटी सी कमियो को लेकर फार्म का निरस्त करना दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री बुंदेला द्वारा कहा गया कि शासन की मनसा स्वरूप फॉर्म भरते समय जो कमियां हो उन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी को बता देना चाहिए उस कमी को पूरा करना चाहिए अगर कमी पूर्ण ना हो तो नामांकन फॉर्म को निरस्त करना चाहिए। अब तो ऐसा महसूस होने लगा है पन्ना निर्वाचन अधिकारी सत्ता के दबाव में है। बुंदेला ने कहा कि आदिवासी दलित क्रांति सेना सामाजिक संस्था है पर लोकतंत्र की हत्या होते हुए नहीं देख सकता फार्म की उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए निर्वाचन अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही हो। अगर शीघ्र ही लोकतंत्र के की हत्या होने के पूर्व जांच उच्चस्तरीय नहीं होती है तो आदिवासी दलित क्रांति सेना लोकसभा खजुराहो निर्वाचन मतदान करने का बहिष्कार पर विचार करेगी।

# नागरिक मताधिकार का उपयोग जरूर करें - जिपं सीईओ

**नगर पालिका एवं जनअभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में गांधी चौक में हुआ जागरूकता कार्यक्रम**



**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आगामी 26 अप्रैल को खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान होगा। मतदान दिवस पर सभी नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक और प्रेरित करने के लिए जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां शुरू की गई हैं। इस क्रम में आज स्थानीय गांधी चौक पर नगर पालिका परिषद पन्ना एवं जनअभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलाकारों के दल द्वारा आकर्षक नाटक मंचन के जरिए नागरिकों



को मतदान के दिन मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान करने और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में भागीदारी का फर्ज निभाने के लिए जागरूक किया गया। इसके माध्यम से बताया गया कि लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान हमारा कर्त्तव्य है और जिम्मेदारी भी। नाटक मंचन के माध्यम से देश के विकास के लिए वोट के जरिए अच्छे नेता व पार्टी का चुनाव करने और अच्छे मतदाता होने का फर्ज निभाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप संघ प्रिय ने कहा कि जितने अधिक मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे, लोकतंत्र उतना ही मजबूत और जवाबदार बनेगा। लोकतंत्र की नींव मतदाता द्वारा रखी जाती है। इसलिए मतदान दिवस पर घरों से निकलकर और मतदान केन्द्र पहुंचकर अवश्य मतदान करें और अपना फर्ज निभाएं। मतदान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। इस मौके पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। उपस्थित अधिकारियों, गणमान्य नागरिक और आमजनों ने हस्ताक्षर अभियान में सहभागिता कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में सेल्फी स्टैण्ड में लोगों ने सेल्फी व फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी सहित परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, नपा सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले और जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक आनंद पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

# ड्यूटी के दौरान मतदान कर्मी व सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु पर मिलेगी अनुग्रह राशि

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान व सुरक्षाकर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर आदि जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और बीईएल-ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं, जो प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी), ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं। आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण सहित किसी भी चुनाव संबंधी कार्य के लिए रिपोर्ट करने के लिए निवास व कार्यालय छोड़ते ही चुनाव ड्यूटी पर होना माना जायेगा, जब तक वह अपने कार्य प्रदर्शन के बाद अपने निवास-कार्यालय वापस नहीं पहुंच जाता। यदि इस अवधि के दौरान कोई दुर्घटना होती है, तो इसे चुनाव ड्यूटी पर हुई घटना के रूप में माना जायेगा, जबकि बीईएल-ईसीआईएल इंजीनियरों के लिए प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) ड्यूटी की अवधि और वह अवधि जिसके लिए अधिकारी को कमीशनिंग, मतदान-मतगणना व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है, को चुनाव ड्यूटी अवधि में माना जाएगा।

### अनुग्रह राशि

निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अगर मौत उग्रवाद या असामाजिक तत्वों के किसी हिंसक कृत्य जैसे सड़क पर खदान, बम विस्फोट, सशस्त्र हमले और कोविड-19 के कारण मौत होती है, तो 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी। इसके अलावा किसी अन्य कारण से मृत्यु होने पर 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलेगी। चरमपंथी या असामाजिक तत्वों की संलिप्तता के कारण स्थायी विकलांगता होती है तो 15 लाख रुपये और गंभीर चोट के परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता, जैसे अंग की हानि, आंख की दृष्टि, आदि के मामले में 7.5 लाख रुपये दिये जायेंगे। अनुग्रह राशि का भुगतान गृह मंत्रालय द्वारा उसके मौजूदा दिशा निर्देशों के तहत पहले से ही भुगतान किए जा रहे मुआवजे और राज्य सरकार या किसी नियोक्ता द्वारा भुगतान किए गए किसी भी अन्य मुआवजे के अतिरिक्त होगा। अनुग्रह राशि का भुगतान बिना किसी अनावश्यक देरी के शीघ्र किया जाएगा।

### कैशलेस इलाज

आयोग ने चुनाव में शामिल ऐसे सभी कर्मियों के लिए अत्याधुनिक अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है, जो ड्यूटी के दौरान घायल हो जाते हैं या बीमार पड़ जाते हैं। उपचार में तेजी लाने और देरी से बचने के लिए चुनाव की घोषणा तक अस्पतालों के साथ अग्रिम रूप से व्यवस्था व टाई-अप कर पीड़ितों को कैशलेस सुविधाएं दी जा सकती हैं।



## धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा देवी की जयंती

**पन्ना।** पवित्र नगरी पन्ना में भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त एवं साहू समाज की अराध्य मां कर्मा देवी की 1008 वीं जयंती बड़े उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। 5 अप्रैल 2024 को सर्वप्रथम माता विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में स्थित मां कर्मा देवी मंदिर में सुबह लगभग 10 बजे हवन और पूजन प्रारंभ हुआ जो लगभग 12 बजे तक चला। इसके बाद जगदीश स्वामी टाउन हॉल प्रांगण से मां कर्मा देवी की शोभायात्रा एवं विशाल जुलूस निकाला गया जिसमें साहू समाज के युवा, बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चे ढोल नगाड़ों की धुन में नाचते गाते हुए शामिल हुए। नगर के सभी मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए शोभायात्रा एवं जुलूस का समापन वापस जगदीश स्वामी टाउन हॉल प्रांगण में पहुंचकर हुआ जहां महाप्रसाद वितरण और भंडारा का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए जिनके द्वारा साहू समाज के द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी गई।



## बेटी के ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या के आरोप, पुलिस अधीक्षक से शिकायत

**पन्ना।** राधाबाई चौधरी निवासी मढ़ा ने पूरे परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना पहुंचकर बेटी के ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या के आरोप लगाते हुए मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के माध्यम से बताया है कि उनकी बेटी चाहना चौधरी का विवाह ग्राम शंकरगढ़ में लगभग 1 वर्ष पूर्व बड़े ही धूमधाम से किया था कुछ समय तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा लेकिन कुछ समय बाद ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा दहेज की मांग की जाने लगी शुरुआत में तो कुछ मांगे पूरी की गई लेकिन धीरे-धीरे मांग बढ़ती गई और 2 लाख नगदी एवं 1 गाड़ी की मांग करने लगे जो हमारी हैसियत से बाहर था, मना करने पर बेटी को प्रताड़ति करते थे और मारपीट कर भगा देते थे लेकिन हम लोग बार-बार समझा बुझा कर एक साथ रहने के लिए राजी करते रहे, लेकिन हमें यह पता नहीं था कि यह दहेज लोभी हमारी बेटी की जान ले लेंगे 15-16 मार्च की रात ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा हमारी बेटी को मारकर फांसी के फंदे पर लटका दिया गया जिसकी शिकायत गुनौर थाना में करने पर पुलिस द्वारा सुनवाई नहीं की जा रही बल्कि बार-बार बुलाकर के थाने में घंटों बैठा रखकर परेशान किया जा रहा है। जिससे परेशान होकर आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना पहुंचकर शिकायती आवेदन सौंप कर जांच और कार्रवाई की मांग की है।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महिला इकाई होली मिलन समारोह सम्पन्न

**पन्ना।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (स) महिला इकाई पन्ना के तत्वाधान में 5 अप्रैल 24 को बेनी सागर बीच का बगीचा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती मीना पाण्डेय नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा की गई। भगवान श्री परशुराम के चित्र पर रोली गुलाल पुष्प माला धूप अगरबत्ती से पूजा अर्चना उपरांत अध्यक्ष श्रीमती प्रिया द्विवेदी के द्वारा उपस्थित बहनों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। उपस्थित श्रीमती शारदा पाठक, श्रीमती मीना पाण्डये, श्रीमती कीर्ति त्रिवेदी के साथ-साथ सभी मातृशक्ति ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में चर्चा करते हुए आगे मंदिर निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु सुझाव लिए गए साथ ही मंदिर निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग करने की अपील सभी से की गई अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम जयंती को भव्यता के साथ मनाए जाने के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा कर सभी से मार्गदर्शन चाहा गया अतः सभी ने क्रमशः अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए होली मिलन समारोह में भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव मनाए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई चर्चा उपरांत सभी मात्र शक्तियों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए एंव भगवान श्री परशुराम जी का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाए जाने के संबंध निर्णय लिया गया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों में विप्र समाज कि सभी मात्रशक्तियों को अधिक से अधिक सहभागिता करने की अपील की गई। कार्यक्रम में श्रीमती रमा द्विवेदी श्रीमती चंद्रप्रभा तिवारी श्रीमती पदमा पांडे, श्रीमति अनीता चौबे श्रीमति समीक्षा चौराहा,श्रीमति प्रभा नगायच, श्रीमति मनीष गोस्वामी, श्रीमति अल्का मिश्र, ज्योति उपाध्याय, साधना तिवारी ,उषा गर्ग ,रजनी पांडे, स्नेह लता मिश्रा, सची दुबे, रागनी भार्गव, रीना शर्मा, रागिनी भार्गव, हर्ष थापक, भावना द्विवेदी, अनन्या नगायच, स्वाती चौबे रीना शर्मा महक द्विवेदी के साथ सैकड़ो की संख्या में विप्र समाज की महिलाएं उपस्थित हूई कार्यक्रम के अंत मे पुनः सभी के द्वारा होली शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता महोदय की आज्ञा से होली मिलन समारोह कार्यक्रम का समापन किया गया श्रीमती आस्था तिवारी के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी विप्र महिलाओं का आभार प्रकट किया गया।

# यात्री प्रतीक्षालय के आधे पंखे खराब, आधे गायब यात्री परेशान

**पन्ना।** नगर का इकलौता बस स्टैंड और यात्री प्रतीक्षालय अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। इस भीषण गर्मी में प्राणनाथ यात्री प्रतीक्षालय में लगे आधे पंखे खराब हैं और आधे गायब हो चुके हैं। पेयजल के लिए लगाया गया फ्रीजर खराब होने से वह गर्म पानी दे रहा है। ऐसे में मुसाफिरों को अपनी प्यास बुझाने के लिए यहां-वहां भटकना पड़ता है। मामला हीरों, वीरों, झीलों, मंदिरों और बाघों के लिए विश्व विख्यात पवित्र नगरी पन्ना का है। प्राणनाथ बस स्टैंड से प्रतिदिन सैकड़ों यात्री बसें चलती हैं जिनमें हजारों मुसाफिर आवागमन करते हैं। मुसाफिरों को यात्री बसों का इंतजार करने के लिए प्राणनाथ यात्री प्रतीक्षालय में रुकना पड़ता है। जहां इस भीषण गर्मी में मुसाफिरों के लिए एक भी पंखा सलामत नहीं है। हालांकि यहां 2 दशक पूर्व लगभग दर्जन भर पंख लगाए गए थे जिनमें आधे खराब पड़े हैं और आधे गायब हो चुके हैं। ऐसे में मुसाफिरों को भीषण गर्मी में बिलबिलाते हुए देखा जा



सकता है। मुसाफिरों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था के रूप में जो फ्रीजर लगाया गया था वह लंबे समय से खराब बताया जा रहा है जो वर्तमान में गर्म पानी दे रहा है। पानी की टंकी की सफाई कई सालों से नहीं हुई ऐसे में मुसाफिरों को अपनी प्यास बुझाने के लिए यहां-वहां भटकना पड़ता है। संपन्न परिवार के मुसाफिर तो किसी तरह मिनरल वाटर की बोतल से अपनी प्यास बुझा लेते हैं। लेकिन किसान मजदूर एवं गरीब वर्ग के मुसाफिर मिनरल वाटर की बोतल नहीं खरीद पाते ऐसे में उनके सामने परेशानी खड़ी हो जाती है।



### अधिकारी और जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

मुसाफिरों में स्थानीय नागरिक और बाहरी लोग भी होते हैं इस प्रकार की समस्याओं की शिकायतें अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष पहुंचती है। लेकिन किसी के भी द्वारा इन समस्याओं के समाधान के प्रयास नहीं किये जा रहे जिससे लंबे समय से यह समस्याएं बरकरार है।

### नये बस स्टैंड का निर्माण ठंडे बस्ते में

पन्ना नगर के मध्य स्थित यह बस स्टैंड एवं यात्री प्रतीक्षालय अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है जब इस बस स्टैंड का निर्माण हुआ था तब यात्री बसों की संख्या नाम मात्र थी लेकिन अब बसों की संख्या सैकड़ो में और मुसाफिरों की संख्या हजारों में पहुंच चुकी है। इसलिए यह जगह अब छोटी भी पड़ने लगी है। यात्री बसों के खड़े करने के लिए और मुसाफिरों को बैठने के लिए जगह कम पड़ रही है। नये बस स्टैंड और यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण के लिए जगह चिन्हित कर भूमि पूजन भी कर दिया गया। लेकिन समय बीतने के बाद सब ठंडे बस्ती में चला गया, जिसका खामियाजा आम नागरिकों, मुसाफिरों और यात्री बसों के चालक परिचालक और संचालकों को भुगतना पड़ रहा है।

## महेवा में भाजपा ने मनाया स्थापना दिवसः कार्यकर्ताओं ने पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**अमानगंज**_पन्ना जिले के मंडल अमानगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत महेवा में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी एवं मंडल अध्यक्ष अमानगंज डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अपना 44 वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी की रीति और नीति के साथ चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही।।

## भाजपा का मनाया गया 45 वां स्थापना दिवस



**पन्ना।** भाजपा के 45 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय पन्ना में हुआ। जहां सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष बृजेद्र मिश्रा के द्वारा पार्टी का ध्वजारोहण कर पार्टी के पितृ पुरूष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा व मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष रविराज सिंह यादव रहे। जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की स्थापना 45 वर्ष पूर्व आज के ही दिन हुई थी। आज का दिन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए आनंद, उत्सव और गौरव का दिवस है। हम अपनी स्थापना के साथ ही समाज मं अन्त्योदय के सिद्धांत को लेकर आगे बढ़ रहे है। इसी कारण आम जन मानस का विश्वास पार्टी के प्रति बढ़ रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को प्रणाम करते हुए कहा कि आज पार्टी अपने निष्ठावान, समर्पित, लगनशील व पराक्रमी कार्यकर्ताओं के कारण ही अपनी राजनैतिक यात्रा में निरंतर प्रगति कर रही है। आप सभी के कारण ही पार्टी विश्व की सबसे बड़ी व लोकप्रिय पार्टी बन चुकी है। आगामी समय में आप सभी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार 400 से अधिक सीटों पर विजय प्राप्त कर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा व आभार प्रदर्षन महामंत्री राजकुमार वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### टैक्सी चालक ने पेड़ से लटककर की आत्महत्या



**बड़ामलहरा।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सेंधपा अंतर्गत ग्राम लखनवा में अज्ञात कारण के चलते एक 23 वर्षीय टैक्सी चालक ने अपने खेत पर लगे पेड़ से फ़ाँसी पर लटक कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक लखनवा निवासी कपिल चौबे टैक्सी चलाता था जिसने बडग़ोर की नरैया के पास अपने खेत पर लगे ऊमर के पेड़ पर टेक्सी स्टार्ट करने वाली रस्सी से फ़ाँसी पर लटक कर आत्महत्या कर ली। दोपहर को मृतक के पिता राम मिलन चौबे ने उसे पेड़ पर लटका देखा जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का बड़ामलहरा में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपते हुए जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली थाना पुलिस ने विगत दिवस पेट्रोलिंग के दौरान सिंघाड़ी नदी के पास में एक युवक के अवैध हथियार लेकर दहशत फैलाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली अरविंद कुजूर ने पुलिस टीम को संदेही के संबंधित स्थान पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर 315 बोर के देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जुगनू उर्फ गुलाम अहमद उम्र 35 वर्ष निवासी सबनीगर मोहल्ला बताया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### जिला बदर आरोपी को कट्टा सहित किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने समस्त थाना प्रभारियों को जिले की भौगोलिक सीमा के अंदर आए जिला बदर आरोपी, वांछित अपराधी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है।इसी क्रम में थाना प्रभारी राजनगर सिद्धार्थ शर्मा को विगत रोज मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पाय तिराहा में एक व्यक्ति कोई गंभीर वारदात करने की नियत से हाथ में कट्टा लिये घूम रहा है। पुलिस टीम ने मुखबिर के बताये स्थान पाय तिराहा राजनगर में जाकर देखा तो एक व्यक्ति पुलिस को आता देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। उक्त व्यक्ति से नाम पता पूंछने पर अपना नाम राजू अली पिता चांद अली उम्र 26 साल निवासी पावरहाउस के पास राजनगर का होना बताया गया। संदेह होने पर उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर एक 12 बोर का देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस जब्त किया गया। उक्त आरोपी को कलेक्टर छतरपुर द्वारा 2023 में जिला बदर किया गया था। आरोपी पर धारा 188 भादवि एवं म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा (5) निरुद्ध धारा 14 एवं 25/27 आम्र्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### जिला अस्पताल परिसर में मिला अज्ञात शव



**छतरपुर।** शनिवार की सुबह जिला अस्पताल में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया, जब एक अज्ञात शव अस्पताल परिसर में पाया गया। सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार ने बताया है कि उक्त शव जिला अस्पताल परिसर के 26 नंबर कमरे के पास पड़ा हुआ था। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड पर सुरेश पुत्र स्वामी प्रसाद सोनी निवासी वार्ड नंबर 21 शुक्लाना मोहल्ला छतरपुर अंकित है।

# लूट, डकैती की योजना तैयार कर हत्या व जानलेवा हमले के आरोपी गिरफ्तार

**अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर में घुसकर दिया था वारदात को अंजाम**

**सिगरौली**

31 मार्च 2024 को पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई कि एक घर में घुसकर अज्ञात हथियारबंद लोगों ने लूट / डकैती की योजना तैयार वारदात को अंजाम देने की नीयत से हमला किया है। जिसमें एक महिला की मौत हो गई तथा अन्य परिजन घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में घटना की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक श्री पी एस श्रीमती निवेदिता गुप्ता, अति पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार संदीप नामदेव मौके पर पहुंचे। घायलों को परिजन द्वारा वन्दना अस्पताल वैढने ले जाया गया जहां पर मंजू जायसवाल को मृत घोषित कर दिया गया तथा दीक्षा या इला अस्पताल ले जाया गया। मौके पर मृतिका के लडके सत्यम जायसवाल की रिपोर्ट पर थाना बैठना जस्ता कया 450,307,302 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया। घटना स्थल निरीक्षण और मृतिका अंजू जायसवाल एवं पीडिता दीक्षा जायसवाल की चोटो से प्रतीत हुआ की अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा किसी धारदार व भौथेरे हथियार से गंभीरचोटे पहुचाई गई है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा श्री एम एस सिकरवार एवं उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा क्षेत्र रीवा श्री साकेत पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के द्वारा त्वरित कार्यवाही, आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। जिस पर अति पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पी एस परस्ते के नेतृत्व में आरोपियो के खुलासे, घेराबन्दी एवं गिरफ्तारी हेतु अलग अलग टीमों का गठन किया गया । टीमों द्वारा अलग अलग कोणो में विश्लेषण किया गया, मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया जाकर तकनीकी सहयोग प्राप्त करते हुए जानकारी प्राप्त की गई। पाया गया कि विलौजी ग्राम थाना बैढन के रहने वाले बबलू



जायसवाल उर्फ सुनील जायसवाल पिता कल्लू जायसवाल के द्वारा 4 अज्ञात लडको को घटना दिनांक 31.03.24 को ही सुबह अपने घर लाया गया था एवं वैढन के रहने वाले दिनेश उर्फ गोलू रजक के साथ मिलकर लूट / डकैती की योजना तैयार की गई थी। बबलू व्दारा उन लडको को फरियादी के घर तक जाकर रेकी कर घटना कराई गई । तकनीकी सहयोग की मदद से एक आरोपी की पहचान होने पर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुएविलौजी थाना बैढ़न के रहने वाले बबलू जायसवाल उर्फ सुनील जायसवाल पिता कल्लू जायसवाल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पाया गया कि आरोपी महादेव एप के माध्यम से सट्टा खेलने का आदी था इसके अलावा आरोपी बबलू द्वारा अन्य लोन देने वाले संस्थानों से करीब 27 लाख रूपए का कर्जा लिया था जिसे वह किसी भी कीमत पर चुकाना चाहता था। कर्जा चुकाने के लिए आरोपी बबलू अपने साथी मित्र गोलू रजक के साथ योजना बनाकर गलत रास्ता अपनाते हुए लूट, डकैती करने के उद्देश्य से इंस्टाग्राम के माध्यम से दिसम्बर 2023 व वर्ष 2024 के



जनवरी फरवरी माह में राज्य से बाहर के अपराधी दिनेश कुशवाहा, रविकान्त मौर्य दोनो निवासी बांदा उत्तरप्रदेश, दो अन्य निवासी बबराला, जिला संभल उत्तरप्रदेश से दोस्ती कर उनको सिंगरौली जिले में लूट/डकैती करने के लिए दिसम्बर जनवरी फरवरी माह में मिलने के लिए बुलाया गया। जहां पर सुरेश जायसवाल के घर में लूट करने का तय हुआ। घटना को अंजाम देने के लिए मार्च 2024 के लास्ट सप्ताह को तय कर सभी लोग वापस अपने अपने निवास स्थानों को चले गए। निांक 31.03.24 को विशाल सहित अन्य तीन आरोपी अतुल, रविकान्त व दिनेश ट्रेन के माध्यम से सुबह बरगवा स्टेशन से वैढन आए और उनको आरोपी बबलू जायसवाल अपने घर पर रोका उसके बाद शाम करीब 05.00 बजे लूट/डकैती करने के उद्देश्य से ताला तोड़ने के लिए लोहे की छड़, सब्बल एवं चाकू इत्यादि लेकर रेकी उपरांत घर में घुसे और मृतिका अंजू जायसवाल व उनकी बेटी दीक्षा को गंभीर चोटे पहुचाई। इसके बाद आरोपीगण व्दारा घर की अच्छे से तलाशी ली गई परन्तु कोई भी जेवरात, बड़ी नगदी रकम आदि नही मिला मात्र घर से भागते समय टेबिल पर रखा पर्स व इयर बड्स आरोपियों के हाथ लगा। तकनीकी सहयोग प्राप्त करते हुये आरोपीगण दिनेश कुशवाहा एवं रविकांत मौर्या जिला बाँदा (उ.प्र.) से, सुनील उर्फ बबलू जायसवाल को बनारस, दिनेश उर्फ गोलू रजक को वैढन से गिरफ्तार किया गया है तथा 02 अन्य को जिला सम्भल (उ.प्र.) से अभिरक्षा मे लिया जाकर प्रकरण के संबंध एवं जिले एवं रीवा जोन मेंघटित अन्य घटनाओं के संबंध में गहन पूंछताछ की जा रही है।

**गिरफ्तार शुदा आरोपीगण** - 01- सुनील उर्फ बब्लू जायसावल निवासी वैढन, 02- दिनेश उर्फ गोलू रजक निवासी वैढन, 03- दिनेश कुशवाहा निवासी बाँदा (उ.प्र.), 04- रवीकान्त मौर्या निवासी बाँदा (उ.प्र.)।

**जप्ती-** एक राड व एक सब्बल ।

**घटना के खुलासे में शामिल पुलिस टीम-** पी एस परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर, निरी. सुधेश तिवारी थाना प्रभारी बैढ़न, निरी. अर्चना द्विवेदी, निरी.अशोक सिंह परिहार, निरीक्षक कपूर त्रिपाठी निरी.शिवपूजन मिश्रा, निरी. कार्य. निरी. जीतेन्द्र सिंह भदौरिया जिला रीवा, उनि संदीप नामदेव, उनि उदय करिहार, उनि रूपा अग्निहोत्री, कार्य. उनि नृपेन्द्र सिंह, कार्य. उनि शिवकुमार दुबे, सउनि सजीत सिंह, सउनि अरविंद द्विवेदी, सउनि अमित द्विवेदी, सउनि राजेश शुक्ला, सउनि पप्पू सिंह, सउनि जीवेन्द्र मिश्रा, प्रआर जीतेन्द्र सेंगर, प्रआर मोहम्मद कौसर, प्रआर राजकुमार विश्वकर्मा, प्रआर. अमित जायसवाल, प्रआर पवन पाण्डेय, प्रआर अंकित सिंह चौहान, प्रआर. विजय खरे, प्रआर राकेश विश्वकर्मा, प्रआर धर्मेन्द्र रावत, प्रआर मुनेन्द्र राणा, प्रआर संजय परिहार, प्रआर राजेश सिंह, प्रआर राहुल सोमवंशी, मप्रआर शकुन्तला यादव, आर.दिलीप धाकड़, महेश पटेल, अभिमन्यु उपाध्याय, संजू धुर्वे, नारेन्द्र सिंह, विवेक पटेल, मुकेश पटेल अजय कुशवाहा, आर रोहित शर्मा व सायबर टीम - उनि अमन वर्मा, प्रआर दीपक परस्ते, आर. सोवाल वर्मा, आर. राहुल कुशरो, नंदकिशोर रोहेला, संदीप वर्मा ।

**नैंगुवा राजघराने की महारानी एवं राजकुमारी हत्याकांड में आया फैसला**

# जघन्य सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड में कोर्ट ने दो आरोपियों को सुनाई दोहरी उम्रकैद की सजा

**नैंगुवा स्टेट राजघराने की महारानी एवं राजकुमारी हत्याकांड मामले की 8 साल चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने दो जघन्य एवं सनसनीखेज हत्याकांड के आरोपियों को हत्या का दोषी मानते हुए दोहरी उम्रकैद की सजा सुनाते हुए अर्थदंड भी लगाया है।**

**नौगांव।**

द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश नौगांव के दिनेश कुमार प्रजापति के द्वारा 3 अप्रैल 2024 को फैसला सुनाते हुए नौगांव थाना क्षेत्र के नैंगुवा गांव के नैंगुवा स्टेट राजघराने की महारानी युवरानी सिंह और राजकुमारी बेबीराजा की महल के अंदर 16 फरवरी 2016 को

हुए जघन्य एवं सनसनीखेज हत्याकांड की वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्त नंदी राजपूत और हरी सिंह उर्फ मुन्ना दोनों आरोपीगण को दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायधीश ने धारा 302, 34 भादवि में आजीवन कारावास, धारा 460 भादवि 10 वर्ष,धारा 201 भादवि में 3 वर्ष की सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया। प्रकरण में राज्य शासन की तरफ से अपर लोक अभियोजक दयाराम पाठक ने पैरवी की है।

**ये है पूरा मामला -**

अपर लोक अभियोजक दयाराम पाठक ने बताया कि 18 फरवरी 2016 को सूचनाकर्ता राजबहादुर सिंह ने मौके पर ही पुलिस को सूचित किया कि वो किसी काम के सिलसिले में अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ झांसी गया है। उसके बटाईदार नंदी राजपूत ने उसे 16 फरवरी 2016 को शाम 4 बजे फोन पर सूचना दी कि घर के दरवाजे अंदर से बंद हैं, आवाज देने पर कोई खोल नहीं रहा है। घर के अंदर उसकी मां युवरानी सिंह एवं बहन बेबी राजा है। वह झांसी में काम होने से नही जा सका। आज उसे फोन गया तो वह घर आया। जहां पर घर के दरवाजे बंद थे। तब उसने गांव वालों और पुलिस की मदद से घर के अंदर देखा कि उसकी बहन बेबीराजा एवं मां युवरानी सिंह मृत अवस्था मे फर्श पर पड़ी हुई थी। जब इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर देखा कि युवरानी सिंह एवं बेबीराजा खाना बनाने वाले हीटर से चिपकी हुई मृत अवस्था मे पड़ी हुई है। घटनास्थल के समीप टूटे हुए दांत एवं मारपीट के साक्ष्य मिले। उक्त सूचना पर नौगांव थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच उपरांत मृतकों की हत्या किया जाना पाये जाने से अपराध क्र.58/2016 धारा 302 अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध दर्ज किया। विवेचना के दौरान आरोपी हरि सिंह उर्फ मुन्ना और बटाईदार नंदी राजपूत की संलिप्तता पाई जाने से विवेचना उपरांत उनके विरुद्ध न्यायालय में धारा 302, 34, 460, 394, 201 भादवि का अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। इस प्रकरण को जिला स्तरीय समिति द्वारा चिन्हित जघन्य सनसनीखेज प्रकरण में चिन्हित किया गया था।

# अवैध शराब सहित आरोपी को पुलिस ने पकड़ा




**छतरपुर।** जिले के सरवई थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम ओदी में अपने घर के पास काफी मात्रा में शराब की पेटियों को छुपाए रखे है। मुखबिर की सूचना पर सरवई थाना पुलिस ग्राम ओदी पहुंची और घेराबंदी कर 12 पेटी अवैध शराब सहित आरोपी दीपू पिता शिवगोपाल पटेल उम्र 25 साल को गिरफ्तार किया। जब्त की गई शराब की कुल कीमत 60 हजार रूपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया है।

**खेत में छिपाकर रखी गई थी अवैध शराब**

# पुलिस ने की जप्त, आरोपी गिरफ्तार




**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने की मंशा से समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। इन्हीं निर्देशों का पालन करते हुए ओरछा रोड थाना पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र यादव ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम धामची में फोरलेन ओवरब्रिज के पास एक खेत में अवैध शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने उक्त स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देख मौके पर मौजूद व्यक्ति भागने लगा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। खेत की तलाशी लेने पर पुलिस को 7 पेटी अवैध शराब मिली, जिसे जप्त किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त 7 पेटियों में कुल 56 लीटर अवैध शराब थी, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 हजार रुपए है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मूलचंद्र पुत्र शंकर लाल यादव निवासी धामची बताया है। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

# 26 लाख की लूट के सभी 5 आरोपी पहुंचे जेल



**छतरपुर।** बीते 18 दिसंबर 2023 को शहर की शांति नगर कॉलोनी में सर्राफा व्यापारी के साथ हुई लूट के प्रकरण के दो सह आरोपियों को सिविल लाइन पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है, जो कि अंतर्राज्यीय लूट गिरोह के सदस्य भी हैं। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने लूट का शेष माल भी बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण के मुख्य आरोपी सहित तीन को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है, जिनके पास से लूट का आधार माला बरामद हुआ था।शनिवार को सिविल लाइन थाना में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीक चौबे ने बताया कि दिसंबर माह में सर्राफा व्यापारी सुनील सोनी के साथ मारपीट कर करीब 25 से 26 लाख रुपए के आभूषणों की लूट की गई थी। घटना को अंतर्राज्यीय लूट गिरोह के 5 सदस्यों ने मिलकर अंजाम दिया था, जिनमें से मुख्य आरोपी सहित 3 लुटेरों को सिविल लाइन पुलिस गत माह 16 लाख रुपए की लूट की संपत्ति सहित गिरफ्तार कर चुकी है। शेष दो आरोपी विनोद पाल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम राम कंधार जिला ललितपुर उत्तरप्रदेश एवं उमेश वर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम उतगांव जिला दतिया को शुक्रवार को गिरफ्तार कर गया है। उनके पास से लूट का शेष माल 150 ग्राम सोना, कीमत करीब 10 लाख रुपए बरामद किया गया है। इस तरह से पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले सभी आरोपियों को लूट के संपूर्ण माल सहित पकडऩे में सफलता हासिल कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए लूट गिरोह द्वारा छतरपुर के अलावा प्रदेश के कई जिलों और आसपास के राज्यों में लूट की घटनाओं को अंजाम दिया गया है, जिस कारण से कई स्थानों की पुलिस उनकी तलाश में लगी हुई थी।

# ट्रांसफार्मर खराब, 15 दिनों से बिजली नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान



**बक्सवाहा।** विद्युत विभाग के अफसरो की लापरवाही से ग्राम किशनपुरा में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। बिजली कटौती का कोई समय नहीं है। दिन में बिजली दर्जनों बार आती जाती है, जो मनमाने ढंग से विद्युत कटौती तो हो ही रही है। उस पर कभी कम वोल्टेज, तो कभी अधिक वोल्टेज की समस्या से भी ग्रामीण जूझ रहे हैं। विद्युत उपकरण भी खराब हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त किसानों को भी उचित बिजली नहीं मिल पा रही है। ग्राम किशनपुरा के हरिजन मोहल्ला में लगा ट्रांसफार्मर आठ माह से खराब पड़ा हुआ है। ट्रांसफार्मर खराब की सूचना किशनपुरा ग्राम के हरिजन मोहल्ले वासियों द्वारा विद्युत विभाग को दी गई विद्युत विभाग के द्वारा आज तक ट्रांसफार्मर को ठीक नहीं किया गया। जिससे किशनपुरा ग्राम के लोगों को मुसीबत झेलनी पड़ रही है। बिजली नहीं होने के कारण पानी की समस्या से भी लोग जूझ रहे हैं। पानी के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है, वहीं रात्रि में मच्छरों से बीमारियों का खतरा बना हुआ है। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है ।विद्युत विभाग की लापरवाही से परेशान ग्रामीणों ने एकत्रित होकर मुख्यालय में विद्युत विभाग कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में ट्रांसफार्मर रखवा कर पर्याप्त विद्युत सप्लाई जल्द शुरू करने की मांग रखी। गांव के निवासी वीरेंद्र दुबे, भगवान सिंह, दुर्गा प्रसाद अहिरवार, प्रदीप तिवारी, बड्डु सिंह, देव सिंह, बलराम यादव, रज्जू विश्वकर्मा, रतन सिंह, नंदू अहिरवार, भरत, सुरेंद्र लोधी आदि विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि किशनपुरा हरिजन बस्ती का ट्रांसफार्मर 8 माह से एवं गांव में बिजली सप्लाई करने वाले दोनों ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पिछले 15 दिनों से गांव में अंधेरा छाया हुआ है जबकि गांव का 80% बिजली बिल भी जमा है गांव में बिजली नहीं मिलने से लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है विद्युत कंपनी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है विद्युत विभाग के अफसरो की लापरवाही के चलते 15 दिनों से बिजली सप्लाई बंद होने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया जिससे किशनपुरा गांव की बिजली समस्या जस की तस बनी हुई है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, चालक की मौत,मामला संदिग्ध, जांच में जुटी पुलिस



**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के देरी गांव में शनिवार की सुबह करीब 4 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने के कारण 30 वर्षीय चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही चालक की मौत हो गई। चूंकि परिजनों को घटना स्थल पर पलटा हुआ ट्रैक्टर नहीं मिला है, इसलिए परिजनों ने मामले को संदिग्ध बताया है। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देरी निवासी लखन पुत्र काशीराम प्रजापति उम्र 30 वर्ष शनिवार की सुबह करीब 4 बजे ट्रैक्टर की ट्रॉली में मिट्टी भरकर गांव के अस्सू अहिरवार के घर जा रहा था, जहां पुराई का काम चल रहा है। इसी दौरान रास्ते में ट्रैक्टर पलट गया और चालक लखन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव का अरविंद यादव और कुंजी पटेल, घायल लखन को करीब साढ़े 4:30 बजे जिला अस्पताल ला रहे थे लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। जिला अस्पताल में मौत की पुष्टि होने के बाद सुबह पुलिस और परिजनों की मौजूदगी में लखन का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के भाई घनश्याम प्रजापति ने बताया कि उन्हें सुबह करीब साढ़े 6 बजे घटना की जानकारी कुंजी लाल पटेल के द्वारा दी गई थी। करीब 7 बजे जब वे जिला अस्पताल पहुंचे तब तक लखन को मृत घोषित किया जा चुका था।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेताओं को चुनाव हारने का सता रहा है डरः ए.आई.एफ.बी.

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशियों को डरा धमका कर चुनाव से बाहर करना चाहती है जो लोकतंत्र के लिए खतरे की घन्टी है उक्त आशय के आरोप ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता एवं रीवा संभाग अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में लगाये हैं। श्री कल्चुरी ने बताया कि ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्यप्रदेश ने खजुराहो संसदीय सीट 8 से राजा भैया प्रजापति सेवा निवृत्त आई.ए.एस.को अपने दल का प्रत्याशी घोषित किया जिन्होने 3 अप्रेल को अपना नामांकन दाखिल किया जिसको लेकर भाजपा के स्थानीय नेताओं के साथ बड़े नेता बौखला गये और प्रजापति को उनके मोबाइल नम्बर पर पर्चा वापिस लेने की धमकियों के साथ ही प्रलोभन देने की बात की गई बावजूद जब प्रजापति नही माने तो देख लेने की धमकी दी गई जिससे प्रजापति डरे हुए हैं और निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर अपने जानमाल की गुहार लगाई है। कल्चुरी ने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी 400 पार की बात करती है राम के सहारे चुनाव जीतने की तैयारी कर रही है तो भाजपा के नेताओं को डर क्यों? कल्चुरी ने आरोप लगाया कि इण्डिया गठबन्धन के खजुराहो सपा प्रत्याशी मीरा यादव का पर्चा केवल भाजपा के दवाव में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निरस्त किया गया। उन्होने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी भाजपा नेताओं के दवाव में आकर भाजपा के पक्ष में कार्य कर रहे हैं ऐसे में निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद नहीं की जा सकती। नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश से राजा भैया प्रजापति को फोन पर डराने धमकाने, पर्चा वापिस लेने हेतु दबाव बनाने वाले भाजपा नेताओं के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

### जिन्हें अदालत ने आरोपी माना उन्हीं कर्मचारियों से कलेक्टर रीवा करा रही हैं चुनावी कार्य

**रीवा।** रीवा लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष कराने के लिए कलेक्टर एवं एसपी चोर बदमाशों पर प्रतिबंधक कार्रवाई कर रहे हैं लेकिन जिसे आरोपी मान रीवा समान थाना प्रभारी कों कार्रवाई करने को आदेश दिया गया ऐसे आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर पूर्व समान थाना प्रभारी जे. पी. पटेल (वर्तमान सिटी कोतवाली थाना प्रभारी) ने फाइल ही गायब कर दिया या यह कहें की आरोपियों से सौदा कर फाइल बेंच दिया तो अतिशयोक्ति नहीं होगा अब ऐसे ही आरोपियों से जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल चुनाव कराने में लगातार उपयोग कर रही है पुलिस अधीक्षक भी ऐसी प्रक्रिया से अनजान हैं जिन्हें पुलिस का संरक्षण प्राप्त है जब आरोपी गुंडे प्रवृत्ति के कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी में तैनात किया जाता है तो निष्पक्ष चुनाव कैसे होगा यह साफ जाहिर होता है आरोपी योगेश्वर प्रसाद अवस्थी, पटवारी हुजूर दुआरी हल्का रीवा,, अशोक अवस्थी पोलीटेक्निक कालेज रीवा आठ दस लोगों को लेकर जान से मारने की नियति से घर में घुस कर हमला करने गये थे जिस घटना की जांच कर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया था लेकिन आरोपी गण अपने धन बल राजनीतिक बल से मामले को खरीद लिया था परन्तु अदालत ने दोषी करार दिया तथा पुलिस थाना प्रभारी समान को आदेश दिया आरोपी गण के खिलाफ कार्रवाई का परन्तु पूर्व थाना प्रभारी समान जे पी पटेल ने फाइल ही गायब कर दिया है, अब जिला कलेक्टर ऐसे ही आरोपियों से चुनाव डियुटी रहा रहीं हैं।

### मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**बरही।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविप्रसाद के निर्देशन में जिला पंचायत शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड बड़वारा में जिला समन्वयक तेज सिंह केसवाल के नेतृत्व एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती नंदनी वाटिया के समन्वय से मतदाता जागरूकता अभियान सघन रूप से चलाया जा रहा है।

## मनमानी तरीके से फीस बढ़ाने वाली

# 36 निजी स्कूलों को नोटिस जारी

मनमानी फीस बढ़ाने के मामले में प्राइवेट स्कूलों पर रीवा कलेक्टर ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। कलेक्टर के आदेश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी बड़ी प्राइवेट स्कूलों को नोटिस जारी कर दिया है।

रीवा




सभी स्कूलों से फीस का हिसाब तीन दिन के अंदर मांगा है। जिस स्कूल में चार शैक्षणिक सत्र के फीस का हिसाब तो देना ही होगा साथ ही पूरा लेखा-जोखा भी प्रस्तुत करना होगा। ।कलेक्टर के आदेश के बाद अब जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राइवेट स्कूलों को नोटिस जारी कर दिया है। प्राइवेट स्कूल मनमानी हर साल फीस बढ़ाते हैं। इसके कारण स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावक पर इसका असर पड़ता है। फीस में हर साल की जा रही मनमानी वृद्धि की जानकारी अब सभी प्राइवेट स्कूलों से जुटाए जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राइवेट स्कूलों को नोटिस जारी कर शैक्षणिक सत्र 2021-22, 2022-23, 2023 24 और 2024 25 में ली गई फीस और ली जाने वाली फीस की जानकारी तलब की है। आदेश में कहा गया है कि यदि किसी विद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2021-24 से अधिक शुल्क वर्ष 2024 25 में जमा कराई है तो उसे आगामी माहों में ली जाने वाली शुल्क में समयोजित करना होगा। कलेक्टर के निर्देश पर रीवा की जिन स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है उनमें बीबीएस स्कूल नेहरू नगर, बीबीएस स्कूल आजाद नगर, साई पब्लिक स्कूल समान बीएनपी खौर कोठी, बीएनपी शार्दपुरम, बीएनपी जेल मार्ग, विजडम वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारका नगर, इंटीग्रिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल चिरहुला, दिल्ली पब्लिक स्कूल मैदानी, डीपाल स्कूल मैदानी, रीवा इंटरनेशनल स्कूल रतहरा, किड्स वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल रमकुई, किड्स वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल करही, वनस्थली पब्लिक स्कूल रतहरा, सेंट्रल अकैडमी सिविल लाइन रीवा, गीतांजलि पब्लिक स्कूल सिविल लाइन रीवा, बल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिरमौर चौराहा, राजहंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिरमौर चौराहा, ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिरमौर चौराहा, बिलबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल खैरा चोरहटा, ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरा समान, फोरमेंस मेमोरियल स्कूल गुड चौराहा, माउंट लिट्राजी स्कूल मनकहरी, गुरुकुल खैरा चोरहटा, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल पड़रा, दिल्ली पब्लिक स्कूल मैदानी, डीपॉल स्कूल मैदानी, टेंडर हार्ट डिहिया, गीता ज्योति बजरंग नगर, दीप ज्योति ढेकहा, जे जे कान्वेंट स्कूल ढेकहा, संस्कार वैली स्कूल मैदानी, दीप ज्योति बरा, सेंटमैरी अनंतपुर, मल्टीफॉर्म अजगहरा, चिल्ड्रन एकेडमी अनंतपुर, वेदांता अजगहरा सहित अन्य स्कूल शमिल है।



### दिनदहाड़े खुले में शराब पीना शराबियों को पड़ा महंगा, पुलिस ने पकड़ा

**रीवा।** जिले के समान थाना अंतर्गत दिन दहाड़े शराब पीना आज कुछ लोगो को उस वक्त महंगा पड़ गया जब वो पुलिस की नजरो में आ गए सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते देख पुलिस ने युवकों को पकड़ थाने ले आई जहा उनपर वैधानिक कार्यवाही किया थाना अंतर्गत फ्लाई ओवर नीचे सुरा प्रेमी ठेले गुमटियों कि आड़ में सुबह से देर रात तक शराब का नशा करते देखे जाते है रीवा से इलाहाबाद जोड़ने वाले इस मार्ग में दिन भर भीड़ भाड़ रहती है उसके बावजूद सुरा प्रेमी बिना किसी डर के शराब का आनंद लेते मिल जाते है जिन पर पुलिस द्वारा शनिवार को कार्यवाही की गई ।

#### इनका कहना है

सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने की शिकायत मिलने पर पुलिस द्वारा दाबिस दी गई थी जहा मौके पर कुछ युवकों को शराब कोरी करते पकड़ा गया जिनके ऊपर 36 सी के तहत कार्यवाई की गई है

हितेंद्र नाथ शर्मा थाना प्रभारी सामान

## स्वीप गतिविधियों का आयोजन जारी









रीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में पेंटियम प्वाइंट कालेज रीवा में प्रश्नमंच, रंगोली, पेंटिंग स्पीच तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसी प्रकार शासकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ में लघु नाटिका के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। शासकीय महाविद्यालय रायपुर कर्चुलियान एवं लालगांव में स्वीप गतिविधि के तहत रंगोली एवं पोस्टर बनाने के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सेक्टर डेल्ही में आयोजित किया गया। जिसके तहत रंगोली, हाथों में मेंहदी, दीवार लेखन, जागरूकता शपथ के साथ-साथ मतदाता जागरूकता गीत एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए और लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

## माइक्रो आब्जर्वर पूरी जिम्मेदारी से करें कार्य - जिला निर्वाचन अधिकारी

# माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण



रीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के शांतिपूर्ण व निष्पक्ष निर्वाचन के उद्देश्य से जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों में माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए हैं। इन्हें चुनाव की निगरानी का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों की प्रक्रिया का प्रशिक्षण कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में दिया गया।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर पूरी जिम्मेदारी से अपना कार्य करें। उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रक्रिया में निगरानी के लिए तैनात किया गया है। मतदान दल के सदस्य आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदान सम्पन्न करा रहे हैं अथवा नही इसकी रिपोर्ट उन्हे आब्जर्वर को करनी है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित बिन्दुओं पर निगरानी करके रिपोर्ट केवल चुनाव प्रेक्षक को ही सौंपे। आपको मतदान प्रक्रिया में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करना है। पूरी गंभीरता के साथ संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखें तथा यह देखें कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार निर्वाचन कार्य संपन्न हो। उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर मतदान दल के लीडर की तरह कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराएं तथा दल के साथ समन्वय बनाकर निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जिस मतदान केन्द्र में माइक्रो आब्जर्वर की डूटी लगी है वह उसी मतदान केन्द्र में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए मतदान भी कर सकते हैं। माइक्रो आब्जर्वर को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों की प्रक्रिया सहित उनके कत्र्तव्यों व प्रस्तुत किए जाने वाली रिपोर्ट का प्रशिक्षण डॉ अमरजीत सिंह द्वारा दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, एलडीएम संजय निगम, गोपाल श्रीवास्तव सहित माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित रहे।

## पुलिस ने रस्सा कटिंग कर लूट की घटना की अंजाम देने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

मऊगंज।




पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन मऊगंज के निर्देशन अतरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग पांडे व एसडीओपी मऊगंज अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मऊगंज द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की दिनांक 03/04/024 को अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 50 साल निवासी कैछुआ थाना नईगढ़ी थाना में उपस्थित आकार रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 02/04/024 की दरमियानी रात ट्रक में भारत यूरिया खाद रीवा से लोडकर हनुमाना जा रहा था तभी रात 3 बजे बहुती ओवर ब्रिज के पास बिना नंबर की पल्सर सवार 3 युवक तेजी से सामने आए ट्रक लोड और चढ़ाई होने के कारण धीमा होने का फायदा उठाते हुए बाइक सवार डंडे से हमला कर दिया जिसे डर कर ट्रक रोक दिया तभी आरोपी ने चालक को उतार कर मारपीट किए और जेब में रखे पैसा छीन लिए !

#### जप्त मशरूका

नगदी 500 रूपये बिना नंबर की पल्सर बाइक 6 बोरी खाद कुल कीमत 1लाख 20 हजार रुपए *गिरफ्तार आरोपी* 1. जीतू कोल पिता मोतीलाल कोल उम्र 27 वर्ष निवासी घुरेहटा थाना मऊगंज 2. गोरेलाल कोल पिता लालता कोल उम्र 28 वर्ष निवासी घुरेहटा थाना मऊगंज जिला मऊगंज

#### महत्वपूर्ण भूमिका

निरी. अनिल काकडे, सउनि सतेंद्र सिंह, प्रधान आर रामकुमार भास्कर, आर अवनीश पांडेय, आर विवेक यादव, आर जयप्रकाश तिवारी, महिला आर. सत्यम बागरी।

## कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया



**मऊगंज।** कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा शुक्रवार को मऊगंज जिले के उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति मर्यादित हनुमना एवं सेवा सहकारी समिति पांती का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान खरीदी केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बेहतर छाया पानी की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। सेवा सहकारी समिति हनुमना जिसमें गेहूं का खरीदी होना है। वही निरीक्षण दौरान कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा मौके पर उपस्थित कर्मचारियों से गत वर्ष खरीदी का आंकड़ा लेते हुए वर्तमान सत्र में अनुमानित आवक की जानकारी ली गई। इस दौरान कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा नाप-तोल मशीनों सहित उपार्जन केंद्र में प्रयोग की जाने वाली मशीनों का जायजा लेकर संबंधित कर्मचारियों को बेहतर व्यवस्था बनाने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए की धूप से बचाव हेतु किसानो के लिए बेहतर छाया की व्यवस्था की जाए। वही खरीदी केंद्र पर पेयजल की सुचारू रूप से व्यवस्था बनाई जाए।उपरांत कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा चना मसूर सरसों के लिए निर्धारित उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति पांती का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा संबंधित अधिकारियों को खरीदी केंद्र स्तर पर उपयोगी हर व्यवस्था को बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान वेयरहाउस की खिड़कियों में जाली न लगाए जाने से चिड़िया आदि वेयरहाउस के अंदर नुकसान पहुंचाते हैं। अतिशीघ्र खिड़कियों में जाली लगाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही वेयर हाउस के छत में लगी चादर में जगह-जगह होल हो जाने से बारिश के दौरान वेयरहाउस के अंदर पानी जाने की संभावना को लेकर कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा वेयरहाउस के छतो में हुए होल को बंद कराए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान खरीदी केंद्र पर बारदाने की स्थिति का जायजा लेते हुए सरसों एवं चना हेतु खरीदी का जायजा लिया गया। साथ ही उपार्जन केंद्र में प्रयोग होने वाली मशीनों का जायजा लेते हुए बेहतर व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा खरीदी केंद्र सेवा सहकारी समिति पांती वेयरहाउस एवं परिसर में साफ सफाई बेहतर न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए बेहतर साफ स्वच्छ परिसर एवं वेयरहाउस साफ सुथरा रखे जाने की निर्देश दिए गए। साथ ही अपनी फसल को बिक्री करने वाले किसानों के लिए वेयरहाउस के सामने छाया की व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर एसडीएम हनुमना राजेश मेहता तहसीलदार एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

